दिन– गुरूवार दिनांक– 27 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।
02. नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई को पटना में दो प्रमुख अभियुक्तों की रिमांड मिली। आज हो सकती है पूछताछ।
03. शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के लिए नई समय सारणी जारी की। एक जुलाई से कक्षाओं का संचालन सुबह नौ बजे से अपराह्न सवा तीन बजे तक होगा।
04. और, मौसम विभाग ने कहा– आज सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया जाएगा, जिस पर सदस्य चर्चा में भाग लेंगे। अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र पिछले सोमवार को आरंभ हुआ है जबकि राज्यसभा का सत्र कल से शुरू होगा।

————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसाद ओम बिड़ला फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्हें ध्वनिमत से निर्वाचित घोषित किया गया। कांग्रेस ने इस पद के लिए के.सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था। हालांकि पार्टी ने अध्यक्ष पद के निर्वाचन के दौरान मत विभाजन की मांग नहीं की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने श्री बिड़ला को सदन का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री ओम बिरला ने दोबारा सदन के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर देने और उन पर विश्वास जताने के लिए सदन के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

———बाईट———

18वीं लोक सभा हमारे नए वीजन और नए संकल्प की सभा होनी चाहिए। देश समक्ष ज्वलन मुद्दों पर सार्थक चर्चा संवाद हो और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए इच्छा शक्ति के साथ काम करें। मुझे प्रसन्नता है कि इस लोक सभा में दो सौ 81 माननीय सदस्य पहली बार चुक कर आए हैं मै पहली बार सदन की ओर से उनका अभिनन्दन करता हूँ।

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी समेत राज्य सरकार के कई मंत्रियों और गणमान्य लोगों ने भी ओम बिड़ला को लोकसभा का अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो—सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में देश के विभिन्न शहरों में जांच तेज कर दी है। एजेंसी की टीम जांच के लिए कल झारखंड के हज़ारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल पहुंची। सीबीआई के अधिकारियों ने पेपर लीक से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर स्कूल के प्रचार्य से पूछताछ की। इसके बाद आगे की पूछताछ के लिए सीबीआई उन्हें अपने साथ ले गई। प्राचार्य नीट परीक्षा के लिए हजारीबाग के स्कूलों के शहर के समन्वयक थे। सीबीआई टीम ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया—एसबीआई हजारीबाग की शाखा के अधिकारियों से भी पूछताछ की, जहां प्रश्नपत्र रखे गए थे। गौरतलब है कि राज्य की आर्थिक अपराध इकाई ईओयू ने पहले कहा था कि पटना के खेमनीचक प्ले स्कूल से आंशिक रूप से जला हुआ प्रश्न पत्र जब्त किया गया, जो यह राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी—एनटीए से प्राप्त प्रश्न पत्र से मेल खाता है। इसी प्रश्न पत्र की श्रृंखला हज़ारीबाग़ के कल्लू चौक स्थित ओएसिस स्कूल परीक्षा केंद्र पर भेजी गयी थी। ईओयू ने इससे संबंधित सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिया है। इधर, नीट—यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस पेपर लीक मामले में सीबीआई को दो प्रमुख अभियुक्तों की रिमांड मिल गयी है। पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने इस मामले के दो अभियुक्तों, बलदेव कुमार उर्फ चिंटू और मुकेश कुमार को सीबीआई रिमांड पर दे दिया है। इन दोनों अभियुक्तों से आज पूछताछ की संभावना है।

———————————————————————

राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में एक जुलाई से कक्षाओं का संचालन सुबह नौ बजे से अपराह्न सवा तीन बजे तक होगा। शिक्षकों को आठ बजकर पचास मिनट तक स्कूल पहुंचना है, जबकि उनकी छुट्टी शाम साढ़े चार बजे होगी। शिक्षा विभाग ने संस्कृत विद्यालय और मदरसा समेत सभी सरकारी स्कूलों के लिए नई समय सारणी जारी की है। समय सारणी के अनुसार सुबह नौ बजे से प्रार्थना और व्यायाम होगा,

जबकि पहली कक्षा की शुरूआत सवा नौ बजे से होगी। पूर्वाह्न ग्यारह बजकर पचपन मिनट से बारह बजकर पैंतीस मिनट तक मध्यांतर होगा। शनिवार को कक्षा एक से आठ तक के बच्चों के लिए बैगलेस सुरक्षित शनिवार की व्यवस्था जारी रहेगी। इस दिन माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्कूलों में मध्यांतर तक ही कक्षाएं चलेंगी। इसके बाद बाल संसद, खेल–कूद और अन्य सृजनात्मक कार्यों का पालन किया जाएगा। नयी समय सारणी के अनुसार शिक्षकों के लिए प्रति सप्ताह न्यूनतम पैंतालीस शिक्षण घंटे निर्धारित किये गये हैं। इसमें तैयारी के घंटे भी शामिल हैं।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर में वाल्मीकि सभागार और अतिथि गृह परिसर का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंतराज, स्थानीय सांसद सुनील कुमार के साथ ही अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। इधर, मॉनसून के सक्रिय होने के साथ ही वाल्मीकी टाईगर रिजर्व में उनतीस जून से तीस सितम्बर तक पर्यटकों के लिए सभी तरह के टूर पैकेज पर रोक लगा दी गयी है। वीटीआर के निदेशक डॉ. नेशा मणि ने बताया कि इस दौरान जंगल सफारी, साईकिल सफारी और नौकायन की सुविधाएं भी प्रतिबंधित रहेंगे।

————————————————————————

नेत्रहीनों के कल्याण के लिए विशेष योगदान देने वाली महान समाजसेवी हेलेन केलर की आज जयंती है। हेलेन केलर का जन्म अमेरिका में हुआ था। उन्होंने नेत्रहीनों, मजदूरों और महिलाओं के अधिकारों के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया। केलर ने नेत्रहीन समुदाय की सहायता के लिए कई पुस्तकों की रचना की। नेत्रहीन परिषद के महासचिव डॉ. नवल किशोर शर्मा ने आकाशवाणी से बातचीत करते हुए कहा कि हेलेन केलर आज भी सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी हुयी हैं।

———बाईट———

डॉ. शर्मा ने नेत्रहीन समुदाय के लिए किये जा रहे एनडीए सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस सालों में नेत्रहीनों के लिए किये कार्य से दिव्यांगजनों को सम्मान और शक्ति मिली है।

———बाईट———

———————————————————————

राज्य के उत्तर और पूर्वी हिस्सों में मॉनसून की सक्रियता से बारिश के अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि राज्य के उत्तर–पश्चिम क्षेत्र से मॉनसून की ट्रफ रेखा गुजर रही है। जिसके प्रभाव से प्रदेश के उत्तर–पूर्वी भागों में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। इस अवधि में सबसे अधिक किशनगंज के बहादुरगंज में दो सौ अस्सी मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है।

———बाईट———

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के हिमालय के तराई वाले क्षेत्रों में बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान कई स्थानों पर तेज आंधी चलने की भी सम्भावना है। उन्होंने कहा कि अगले दो तीन दिनों में पूरे राज्य में मॉनसून सक्रिय हो जायेगा।

———बाईट———

———————————————————————

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के छह जिलों में वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गयी। मुंगेर और भागलपुर में दो–दो तथा जमुई, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण और अररिया जिले में एक–एक व्यक्ति की मृत्यु हुयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे में मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतकर्ता बरतने की अपील की है।

———————————————————————

किशनगंज के अर्राबाड़ी में पोखर में नहाने के दौरान डूबने से चार बच्चों की मौत हो गयी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि ये सभी बच्चे पढ़ाई कर लौटने के बाद लखड़ीगाड़ा पोखर में नहाने गए थे।

———————————————————————

टी–ट्वेंटी विश्वकप क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को नौ विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। त्रिनिदाद में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान की पूरी टीम ग्यारह

दशमलव पांच ओवर में मात्र छप्पन रन पर ही सिमट गयी। दक्षिण अफ्रीका ने नौवें ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर यह लक्ष्य प्राप्त कर लिया। वहीं, आज दूसरे सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। यह मैच ग्याना में भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा। भारतीय टीम सुपर–एट मुकाबले में अपने ग्रुप की शीर्ष टीम है। विश्पकप का फाइनल मुकाबला शनिवार को बारबेडॉस में खेला जाएगा।

---

अंजू देवी पटना जिला परिषद की अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। पटना जिला समाहरणालय में हुये जिला परिषद चुनाव में अंजू देवी के पक्ष में तैंतीस वोट पड़े जबकि उनकी प्रतिद्वंदी रेहाना परवीन को सिर्फ पांच मत प्राप्त हुए।

---

निजी स्कूलों में आरटीई के तहत नामांकन के लिए ज्ञानदीप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि एक जुलाई तक बढ़ा दी गयी है। इससे पहले यह तारिख पच्चीस जून तक निर्धारित थी।

उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाले राजेन्द्र सेतु पर ढलाई कार्य के कारण कल रात दस बजे से शनिवार सुबह छह बजे तक सभी तरह के वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर पंचायत में पदस्थापित पांच शिक्षकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। इन सभी पर नियोजन के दौरान फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगा है।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने ओम बिड़ला के लोकसभा अध्यक्ष पद पर दूसरी बार चुने जाने से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – हर्ष और हंगामे के साथ ओम बिड़ला का स्वागत।

**दैनिक जागरण** का शीर्षक है– राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में मिली मान्यता।

**प्रभात खबर** ने नीट यूजी प्रश्न पत्र लीक मामले में सीबीआई जांच की खबर को प्रमुखता दी है। अखबार का शीर्षक है– और बढ़ेगी सख्ती– नीट–यूजी दो हजार चौबीस प्रश्न पत्र लीक मामले में जांच में आयी तेजी।

**राष्ट्रीय सहारा** ने स्कूलों के लिए एक जुलाई से लागू हो रही नई समय सारणी को प्रमुख शीर्षक बनाया है– सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को सप्ताह में पैंतालीस घंटे पढ़ाना जरूरी।

**दैनिक भास्कर** ने मॉनसून से जुड़ी खबर का शीर्षक दिया है– छह दिन बाद नहीं चली लू... अब मॉनसून आगे बढ़ेगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।
02. नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई को पटना में दो प्रमुख अभियुक्तों की रिमांड मिली। आज हो सकती है पूछताछ।
03. शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के लिए नई समय सारणी जारी की। एक जुलाई से कक्षाओं का संचालन सुबह नौ बजे से अपराह्न सवा तीन बजे तक होगा।
04. और, मौसम विभाग ने कहा– आज सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।